*This question paper contains 4 printed pages.*

**6879-A** Your Roll No. ................................

**LL.B. / V Term** **G**

Paper LB-5031 :

INFORMATION TECHNOLOGY LAW

*Time* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी:— *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any five questions*
*All questions carry equal marks.*

*किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. What are legal challenges of digital technology and cyber space? How far has law been able to meet these challenges? Discuss.

डिजिटल प्रौद्योगिकी और साइबर स्पेस की न्यायिक चुनौतियाँ क्या हैं? कानून इन चुनौतियों का कहाँ तक सामना कर पाया है? विवेचन कीजिए।

2. Y had been selling watches through its website revva.com since 2014. The website contains toll free number, email and mobile number. Website of Y is accessible from Delhi. X had been in business of calculators and watches since 2010 in India. He filed a suit of passing off against Y in Delhi High Court contending that domain name revva is deceptively similar to X's trade mark Reva. Neither 'X' nor 'Y' is residing in Delhi. Y contended that Delhi High Court has no jurisdication as he is not carrying on business in Delhi. X relied on trap transactions made through wesbite of Y and contended that the cause of action has arisen in Delhi. Decide. Refer to judicial precedents.

What would be your decision if X's mark is registered and he is selling goods through website reva.com which is accessible from Delhi. Support your answer with judicial decisions.

अपनी वेबसाइट revva.com पर 2014 से Y घड़ियों का विक्रय कर रहा है। वेबसाइट पर टोल फ्री नं०, ई-मेल, व मोबाइल नं० दिये हैं। Y की वेबसाइट दिल्ली से प्रवेश्य है। X, 2010 से भारत में केल्कुलेटर व घड़ियों का व्यापार कर रहा था। उसने दिल्ली उच्च न्यायालय में Y के विरुद्ध पासिंग ऑफ का दावा दायर किया कि Y का व्यापार चिह्न revva X के व्यापार चिह्न Reva से भ्रामक रूप से समान है। X व Y दोनों दिल्ली में नहीं रहते हैं। Y दावा करता है कि दिल्ली उच्च न्यायालय का इस विवाद में कोई क्षेत्राधिकार नहीं है क्योंकि वह दिल्ली में

व्यापार नहीं कर रहा : X ने Y की वेबसाइट से किये ट्रेप ट्रांजेक्शन्स को आधार बनाया और दावा किया कि कार्य का कारण दिल्ली में होता है। निर्णय कीजिए। न्यायिक पूर्वनिर्णयों का हवाला दीजिए।

आपका निर्णय क्या होगा यदि X का चिह्न पंजीकृत है और वह विक्रय वेबसाइट reva.com से कर रहा है जो दिल्ली से प्रवेश्य है। अपने उत्तर की पुष्टि में न्यायिक निर्णय दीजिए।

3. (a) X, an artist auctioned his painting on the website. The title of the painting was 'Mother India'. It showed a nude picture of woman with tears in her eyes with eyes closed and flowing hair depicting Himalayas. The painting also showed Ashok Chakra which was not placed on any of woman's body parts. Y, an NGO filed a complaint against X under section 67 of the Information Technology Act, 2000. Y contended that the painting elucidates the concept of nation in a distressed form. Decide, referring to legal provisions and test of obscenity as laid down by the judicial precedents.

एक कलाकार X ने अपनी चित्रकला की वेबसाइट पर नीलामी की। चित्रकला का नाम था "मदर इंडिया" उसमें एक वस्त्रहीन औरत आँख बंद करे, आँखों में अश्रू लिये बैठी थी और बिखरे बाल हिमालय दर्शा रहे थे। चित्रकला पर अशोक चक्र भी बना था परन्तु वह उस औरत के

शरीर के किसी अंग पर नहीं था। एक NGO Y ने IT अधिनियम, 2000 की धारा 67 में X के विरुद्ध शिकायत दर्ज की। Y का दावा था कि पेंटिंग एक देश को आकुल अवस्था में संकल्पित करती है। न्यायिक पूर्वनिर्णय में कथित अश्लीलता का परीक्षण तथा न्यायिक प्रावधान के संदर्भ में निर्णय कीजिए।

(b) X, an educated female and a divorcee suddenly started receiving obscene phone calls and emails from many persons. The obscene messages were posted on the Yahoo Group which carried her phone number and email id. The message was sent to five sex groups. X made a complaint to Cyber Crime Cell, Delhi. On investigation police found that messages were originated from cyber cafe in Mumbai. C was monitoring X through email and social networking sites. The security guard of cyber cafe identified C. When the investigating officer enquired from X about C she told that he had been her classmate in B.Tech. and had proposed to marry her which she turned down. The police arrested C. Discuss under which legal provisions C can be prosecuted. Refer to judicial precedents.

एक शिक्षित तलाकशुदा स्त्री को अचानक कई लोगों से अश्लील फोन और ई-मेल आने प्रारम्भ हो गए। ये अश्लील संदेश याहू ग्रूप पर भेजे जा रहे थे जहाँ उसका फोन नं० और ई-मेल आई०डी० दर्ज था। संदेश पाँच सेक्स ग्रुप में भेजे गए। X ने साइबर अपराध प्रकोष्ठ,

दिल्ली को शिकायत की। जाँच करने पर पुलिस ने पाया कि संदेश मुम्बई के साइबर कैफे से भेजे जा रहे हैं। X की निगरानी ई-मेल और सोशल नेटवर्किंग साइटस् पर C द्वारा की जा रही थी। साइबर कैफे के सुरक्षाकर्मी ने C की पहचान कर ली। जाँच अधिकारी द्वारा पूछे जाने पर X ने बताया कि C B.Tech. में उसका सहपाठी था तथा X ने C के शादी के प्रस्ताव को मना कर दिया था। पुलिस ने C को गिरफ्तार कर लिया। विवेचन कीजिए C पर किन न्यायिक प्रावधानों के अन्तर्गत मुकद्दमा चलाया जा सकता है। न्यायिक पूर्वनिर्णयों का संदर्भ दीजिए।

4. (a) A unauthorizedly accesses the computer of X and obtains her email password and afterwards fraudulently sends a message to B, X's uncle in India through X's email and under X's email signature for transferring a sum of Rs. 2 lakhs in account number mentioned in the email. Has A committed any crime under the Information Technology Law? Elucidate referring to judicial decisions.

A ने बिना अनुमति के X के कम्प्यूटर में प्रवेश कर उसका ई-मेल पासवर्ड निकाल लिया। फिर उसने कपटपूर्वक भारत में X के चाचा, B को X की ई-मेल और X के ई-मेल हस्ताक्षर सम्मिलित संदेश दो लाख रू० ई-मेल में लिखित खाता सं० में हस्तान्तरित करने के लिए भेजा। क्या A ने IT कानून के तहत कोई अपराध किया है? न्यायिक पूर्वनिर्णयों का हवाला देते हुए विश्लेषण कीजिए।

(b) A a mobile company advertised for providing cell phone services on lesser rate than company B. The company invited customers of B to use A's services on the handset issued to them by B. When customers brought the handset to A's office they altered the Electronic Serial Number of a mobile handset to enable them to shift their service provider to A. B wants to file a criminal complaint against A. What advise will you give to B?

एक मोबाइल कम्पनी A ने B कम्पनी से कम दरों पर सेवाएँ प्रदान करने का विज्ञापन दिया। कम्पनी ने B के ग्राहकों को B द्वारा दिये हेंडसेट पर A की सेवाओं का प्रयोग करने का निमंत्रण दिया। जब ग्राहक हेंडसेट को A कम्पनी में लाये तो उन्होंने मोबाइल हेंडसेट का इलैक्ट्रॉनिक सीरियल नम्बर बदल दिया जिससे सेवा प्रदाता A में स्थानान्तरित हो गया। B, A के विरुद्ध एक आपराधिक शिकायत दर्ज कराना चाहता है। B को आप क्या सलाह देंगे?

5. (a) Define the term 'intermediary'. Explain the law relating to exemption of intermediaries' liabilities for any third party information or data made available by them. Cite judicial precedents.

मध्यवर्ती पद को परिभाषित कीजिए। मध्यवर्ती द्वारा उपलब्ध कराइ गई तृतीय पक्ष सूचना या तथ्य के लिये मध्यवर्ती के उत्तरदायित्व से क्षमा से संबंधित कानून को समझाइये। न्यायिक पूर्व- निर्णय दीजिए। 10

(b) Who is an 'originator' and 'addressee' under the Information Technology Act, 2000? Discuss the law relating to time and place of dispatch and receipt of electronic record under the Act. When will an electronic record be binding on the originator?

IT अधिनियम, 2000 के अधीन "प्रणेता" तथा "प्रेषिती" कौन होते हैं? अधिनियम के अधीन भेजने के स्थान और समय व इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड की रसीद से संबंधित कानून का विवेचन कीजिए। इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड प्रणेता पर कब बाध्यकारी होता है? 10

6. Discuss the process of authenticating electronic records under the Information Technology Act, 2000. How far have amendments concerning electronic signatures made the Act technology neutral? Critically analyse the provisions.

Explain the Public Key Infrastructure and the role of certifying authorities. Under what conditions is an electronic signature certificate issued by foreign certifying authority valid in India and what is the impact of this on e-commerce?

IT अधिनियम, 2000 के तहत् इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड को प्रमाणित करने की प्रक्रिया का विवेचन कीजिए। इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर में संशोधनों ने इस अधिनियम को कहाँ तक तकनीकी तटस्थ बना दिया है? प्रावधानों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

"पब्लिक की इन्फ्रास्ट्रक्चर" व प्रमाणकर्त्ता अधिकारियों की भूमिका को समझाइए। किन परिस्थितियों में किसी विदेशी प्रमाणकर्त्ता अधिकारी द्वारा निर्गमित इलैक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर सर्टिफिकिट भारत में वैध है और इसका e-वाणिज्य पर क्या प्रभाव है ?

7. (a) When can a person be liable to pay damages by way of compensation to the affected person under section 43 of the Information Technology Act, 2000?

IT अधिनियम, 2000 की धारा 43 के तहत् कोई व्यक्ति प्रभावित व्यक्ति को क्षतिपूर्ति के रूप में नुकसान की भरपाई करने के लिए कब दायी होगा ?

(b) X had a bank account in ABC Bank. The account was linked with her mobile number, issued by A2Z Company. An amount of Rs. 19 lakhs was transferred from the bank by unknown person in three days' time. During this period X's mobile phone stopped functioning. This was due to the issue of duplicate SIM card of X's number by A2Z company on the forged passport to an unknown person. X filed a complaint to adjudicating officer against the ABC bank and A2Z mobile service for being negligent in handling sensitive personal data and therefore liable to pay compensation. The bank contended that it had been sending the SMS for every transaction to the customer mobile number.

Decide applying the relevant law and judicial precedents.

X का ABC बैंक में खाता था। खाता उसके A2Z Co. द्वारा जारी मोबाइल नं० से जुड़ा था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने तीन दिन की अवधि में बैंक से 19 लाख रु० हस्तान्तरित कर दिये। इस दौरान X का मोबाइल फोन काम नहीं कर रहा था। इसका कारण था कि A2Z कम्पनी ने डुप्लिकेट सिम किसी अज्ञात व्यक्ति को जाली पासपोर्ट पर जारी कर दिया था। X ने न्यायिक अधिकारी को ABC बैंक और A2Z कम्पनी के विरुद्ध शिकायत दर्ज की कि उन्होंने संवेदनशील व्यक्तिगत तथ्यों को संभालने में लापरवाही दिखाई और इसलिए क्षतिपूर्ति देने के लिए दायी हैं। बैंक ने कहा कि ग्राहक के मोबाइल नं० पर वे हर-एक लेन-देन का SMS भेजते रहे हैं। प्रासंगिक कानून व पूर्वनिर्णयों के आधार पर निर्णय कीजिए।

8. Write short notes on any *two*:

(a) Blocking of information under the Information Technology Act, 2000

(b) Child Pornography

(c) Dispute Resolution Mechanism under the Information Technology Act, 2000

(d) Satyam Infoway Ltd *V*. Siffy Net Solutions Pvt. Ltd.

किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

(a) IT अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत सूचना बाधित करना

(b) बाल पोर्नोग्राफी

(c) IT अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत मतभेद समाधान प्रक्रिया

(d) सत्यम इनफोवे लि० *बनाम* सिफी नेट सौलूशन प्रा० लि० ।